26 APRIL
रांची, शुक्रवार
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
dailykhabar99.com

# डेली खबर 99

सच्चाई का उजागर



रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99

## पीएम पर बरसे राहुल गांधी, कहा- डरे हुए मोदी कभी भी रो पड़ेंगे; अग्निवीर योजना खत्म करने का किया वादा



**डेली खबर 99- सवांददाता, नई दिल्ली**

Election: कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी डरे हुए हैं और किसी भी मंच से आंसू बहा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना खत्म होगी और जीएसटी में बदलाव किया जाएगा। देशभर में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी जारी है और इस बीच पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का दौर भी जारी है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं और इस वजह से किसी भी मंच पर आंसू बहा सकते हैं। कर्नाटक के विजयपुरा मे राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आपने प्रधानमंत्री के संबोधनों को सुना है, तो आपको लगा होगा कि वह डरे हुए हैं। राहुल ने संभावना जताई कि पीएम किसी भी मंच पर आंसू बहा सकते हैं।

### जनता का ध्यान भटका रहे हैं पीएम मोदी- राहुल

बता दें कि हाल ही में पीएम मोदी ने मंगलसूत्र, धन का पुनर्वितरण और पुश्तैनी संपत्ति पर टैक्स को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा था। अब पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर अलग अलग माध्यमों से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी आपका ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। कभी वह चीन तो कभी पाकिस्तान के बारे में बातें करते हैं, कभी आपको थालियां बजाने को कहते हैं तो कभी आपको आपके मोबाइल फोन की लाइट जलाने को कहते हैं। इस तरह से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिशें हो रहीं हैं।

### गरीबों का धन छीनकर कुछ लोगों को अरबपति बनाया गया- राहुल

राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि इस समय देश में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ कांग्रेस ही देश में बेरोजगारी और महंगाई पर रोक लगाकर लोगों को उनका हक दिला सकती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी ने सिर्फ गरीब लोगों का धन छीनकर कुछ लोगों को अरबपति बनाया है। उन्होंने कहा कि इस समय देश के 22 लोगों के पास देश के 70 करोड़ लोगों के बराबर संपत्ति है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समय सिर्फ एक प्रतिशत लोग देस की 40 फीसदी संपत्ति पर कब्जा जमाए हुए हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आगे कहा कि अगर मौजूदा योजनाओं को देखें तो दलित, ओबीसी और पिछली जातियों को कोई भी फायदा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो पीएम मोदी ने जिन लोगों को अरबपति बनाया है, वह पैसा गरीबों लोगों में बांटा जाएगा।

### 'कांग्रेस सत्ता में लौटी तो खत्म होगी अग्निवीर योजना'

## 'SC, OBC का कोटा मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस', BJP चीफ नड्डा का विपक्ष पर हमला



**डेली खबर 99- स्पेशल डेस्क**

BJP के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए SC, ST और OBC के अधिकारों को छीनना चाहती है तथा यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। कांग्रेस को परंपरागत रूप से वंचित हिंदू समूहों की कीमत पर मुसलमानों के हितों की वकालत करने वाली पार्टी के रूप में पेश करने की बीजेपी की कोशिशों को जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि विपक्षी दल अल्पसंख्यक समुदाय को एससी घोषित करने और उसे आरक्षण देने का लंबे समय से आधार बना रहा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मतदान जारी रहने के बीच वीडियो के जरिए एक बयान जारी किया।

### नड्डा ने दिया मनमोहन सिंह के बयान का हवाला

नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। बीजेपी नेता ने कहा कि सिंह ने अप्रैल 2009 में भी इसी तरह की टिप्पणी की थी। कांग्रेस ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ दल ने जनता के समर्थन की कमी के मद्देनजर चुनावों के दौरान ध्रुवीकरण करने के लिए झूठ फैलाने और सांप्रदायिक विभाजन का सहारा लिया है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने कुछ राज्यों में मुसलमानों को आरक्षण देने की कोशिश की है, जिसमें कर्नाटक भी शामिल है, जहां बीजेपी सरकार ने आरक्षण खत्म कर दिया था, लेकिन सिद्धरमैया सरकार फिर से इसे ले आई।

## मुंगेर पहुंचे पीएम मोदी ने विपक्ष पर साधा निशाना, बोले- किसानों की जमीन और संपत्ति पर कांग्रेस की नजर




लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चुनाव प्रचार करने के लिए बिहार को मुंगेर जिले में पहुंचे। यहां उन्होंने चुनाव प्रचार किया और एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुंगेर संस्कृति और विरासत की भूमि है। दुनिया इस बात को मानती है कि यह समय भारत का है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंगराज कर्ण की इस भूमि को प्रणाम कर रहा हूं। मुंगेर की धरती स्वाभिमान की धरती है। विरासत की धरती है। इस क्षेत्र ने भारत की समृद्धि का वो दौर देखा है, जिसकी कई बार कल्पना तक मुश्किल हो जाती है।

### दुनिया में बजा हिंदुस्तान का डंका

पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज एनडीए सरकार भारत की वही समृद्धि लौटाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि जतनी मजबूत सरकार भारत के लोग बनाएंगे, दुनिया को भी उतनी ही मजबूती मिलेगी। 10 साल में भारत की ये साख बढ़ी है। आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। आज दुनिया के हर देश में हर भारतीय का गौरव हो रहा है। आज भारत का सम्मान बढ़ रहा है। यह सब मोदी के कारण नहीं हुआ है, यह सब आपके एक वोट के कारण हुआ है। आपके वोट की ताकत है, जिसने दुनिया में हिंदुस्तान का डंका बजा दिया है।

## शाम पांच बजे तक उत्तर प्रदेश में सबसे कम वोटिंग जानें अन्य राज्यों का हाल



Lok Sabha Election 2024 Phase 2 Voting: दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव की शुरुआत 19 अप्रैल को हो गई थी। आज इस महोत्सव का दूसरा चरण है। दूसरे चरण में 13 राज्यों के मतदाता 88 सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। जिन 88 सीटों पर इस चरण में मतदान हो रहा है, उनमें आधी से अधिक सीटें यानी 52 भाजपा के पास हैं, वहीं कांग्रेस के पास 22 सीटें हैं।

### मतदान के बाद सील हुए ईवीएम

पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर में दूसरे चरण का मतदान संपन्न हो गया। इसके बाद EVM मशीनों को सील किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट: VVPAT से हर वोट सत्यापन की मांग वाली अर्जियां खारिज; बैलट से मतदान से जुड़ी याचिकाएं भी निरस्त



सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों की वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने बैलेट पेपर से मतदान कराने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है।

### फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने दिए दो बड़े निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने दो निर्देश दिए हैं- पहला यह है कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को सील कर दिया जाना चाहिए और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए सहेज कर रखा जाना चाहिए। इसके अलावा दूसरा निर्देश यह है कि उम्मीदवारों के पास परिणामों के एलान के बाद इंजीनियरों की एक टीम की ओर से जांचे जाने वाले ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर प्रोग्राम को पाने का विकल्प होगा। इसके लिए उम्मीदवार को नतीजों के एलान के सात दिनों के अंदर आवेदन करना होगा। इसका खर्च भी उम्मीदवार को खुद को उठाना होगा। इससे पहले दो दिन की लगातार सुनवाई के बाद पीठ ने 18 अप्रैल को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हालांकि, बुधवार को शीर्ष कोर्ट ने इस मामले को फिर से सूचीबद्ध किया था। तब शीर्ष कोर्ट ने अदालत से चुनाव आयोग से कुछ बातों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुरक्षित रखते हुए शीर्ष कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकता, न ही एक सांविधानिक निकाय के लिए नियंत्रक अथॉरिटी के रूप में कार्य कर सकता है। गलत काम करने वाले के खिलाफ कानून के तहत नतीजे भुगतने के प्रावधान हैं। कोर्ट सिर्फ संदेह के आधार पर परमादेश नहीं दे सकता।

# झारखंड में दूसरे चरण की तीन सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी, यहां तीन मई तक होगा नामांकन




**सवांददाता, रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण (देश का चौथा चरण) की चार सीटों पर नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद दूसरे चरण (देश का पांचवां चरण) की तीन सीटों कोडरमा, चतरा, हजारीबाग में भी सियासी दंगल शुरू हो गया है.भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को इन तीनों सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी की। आयोग ने शुक्रवार को ही झारखंड विधानसभा के गांडेय उपचुनाव की भी अधिसूचना जारी की। सरफराज अहमद के इस्तीफा के बाद यह सीट 31 दिसंबर 2023 से ही रिक्त है।

## तीन मई तक दाखिल कर सकेंगे नामांकन

लोकसभा की तीन सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही यहां नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई। गांडेय,उपचुनाव तथा लोकसभा की तीनों सीटों चतरा, कोडरमा तथा हजारीबाग में नामांकन दाखिल की अंतिम तिथि तीन मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को होगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि छह मई निर्धारित है।

## 20 मई को होगा मतदान

लोकसभा की इन तीनों सीटों तथा झारखंड विधानसभा के गांडेय उपचुनाव के लिए 20 मई को वोट पड़ेंगे। दूसरे चरण की तीनों सीटें सामान्य सीटें हैं। इस चरण में होनेवाले चुनाव में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक मनीष जायसवाल, विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, विनोद सिंह आदि का दांव लगा होगा।

# शादी की खुशियां मातम में बदली, गिरिडीह में महिंद्रा थार पुल के नीचे गिरा, 4 घायल



गिरिडीह में सड़क हादसे की वजह से दूल्हा-दुल्हन सहित चार लोग घायल हो गए. घटना शुक्रवार को जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग पर देवरी थाना के चतरो के पास हुई. सभी घायलों को इलाज के लिए जलखरियोडीह स्थित निजी अस्पताल भर्ती में कराया गया. वहीं घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली.

## कल ही संपन्न हुई थी शादी

जानकारी के मुताबिक नव विवाहिता जोड़े की शादी कल ही संपन्न हुई थी. शादी के बाद सभी लोग दुआर लगाने की रस्म निभाने के लिए अपनी महिंद्रा थार से गिरिडीह के भल्लूटांड़ से चकाई गांव जा रहे थे. इस दौरान चतरो के पास सामने से आ रही ट्रक से बचने के प्रयास में उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क पर बने पुल की रेलिंग तोड़कर 12 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गया. जिससे वाहन पर मौजूद पति पत्नी समेत सभी 4 लोग घायल हो गये.

# कोल शॉर्टेज मामले में बी BCCL के पूर्व जीएम विजिलेंस ने दी गवाही




भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के बस्ताकोला क्षेत्र के कुइया उत्खनन परियोजना में हुए लाखों मिट्रिक टन कोल शॉर्टेज मामले की सुनवाई शुक्रवार को सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई. अभियोजन की ओर से सीबीआइ ने बीसीसीएल के तत्कालीन जीएम विजिलेंस इंचार्ज डी के चंद्राकर की गवाही करायी, जो अंत तक पूरी नहीं हो सकी. अदालत ने साक्ष्य के लिए अगली तारीख दो मई निर्धारित कर दी. सुनवाई के दौरान बस्ताकोला क्षेत्र के पूर्व महाप्रबंधक आरयू पांडेय गैर हाजिर थे. उनकी ओर से उनके अधिवक्ता ने प्रतिनिधित्व आवेदन दायर किया था. जबकि पूर्व वरीय सर्वे ऑफिसर अरविंद घोष, पूर्व एरिया सर्वे ऑफिसर सरित सुधा सरकार, केओसीपी के पूर्व परियोजना पदाधिकारी शंभू दयाल धुर्वा व प्रबंधक किशोर यादव उपस्थित थे. उनकी ओर से उनके अधिवक्ता ने पैरवी की.

## क्या है मामला

सीबीआइ व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने कुइया उत्खनन परियोजना के कोयले का बुक स्टॉक की जांच की. जांच के दौरान वर्ष 2009 से 2011 की अवधि में कुइया उत्खनन परियोजना में चार लाख 24 हजार 689 मिट्रिक टन कोल शॉर्टेज था. इससे बीसीसीएल को 46 करोड़ 39 लाख 76 हजार 979 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ था. बता दें कि सीबीआइ ने अनुसंधान के उपरांत 6 मई 2016 को उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दायर किया था.

# रांची में 273 भूमाफिया, हाई कोर्ट ने दिया सख्त कार्रवाई का निर्देश




**सवांददाता, रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर व जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में विदेशी महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और जज की जमीन पर कब्जा करने के मामले की गुरुवार को सुनवाई हुई।

## अदालत ने सरकार को दिया दोषियों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश

सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को जिलों में टास्क फोर्स को मजबूत बनाकर भूमाफिया, फिरौती की मांग करने और महिला हिंसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही सरकार को टास्क फोर्स की ओर से जिलों में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।अदालत ने सरकार से पूछा है कि जमीन माफिया, फिरौती मांगने वालों और महिला हिंसा करने के मामले में जिन्हें जमानत नहीं मिली है, उनकी गिरफ्तारी के लिए क्या कार्रवाई की गई है? मामले में अगली सुनवाई सात मई को होगी।

## विदेशी महिला संग सामूहिक दुष्कर्म मामले में सुनवाई

विदेशी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म और जज की जमीन पर कब्जा के मामले को स्वत: संज्ञान लेते हुए अदालत सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया। जिसमें बताया गया है कि जमीन माफिया के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कई जिलों में ऐसे लोगों की सूची बना कर उन्हें जिला बदर भी किया जा रहा है।

## CYBER CRIME पर रोक लगाने का कोर्ट का निर्देश

कोर्ट ने राज्य सरकार को झारखंड में हो रहे साइबर अपराध पर भी अंकुश लगाने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी पूछा कि अगर फिरौती को लेकर किसी के पास विदेश या देश के अन्य राज्यों से कोई फोन आता है तो उसे ढूंढ़ने के लिए क्या तरीका इस्तेमाल किया जाता है?

## गिरिडीह देवरी थाना पुलिस ने शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार



देवरी थाना पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब (Illicit Liquor) और बीयर से भरे सात पेटी को जब्त किया है।साथ ही एक बाइक जब्त करने के साथ दो धंधेबाजों को भी दबोचा है। गिरफ्तार धंधेबाजों में भेलवाघाटी थाना (Bhelwaghati Police station) इलाके के जगसीमर गांव निवासी अनिल यादव और सुमन यादव शामिल हैं।दोनों डिमांड के अनुसार शराब और बीयर के स्टॉक को बाइक से पहुंचाने जा रहे थे।इसी दौरान देवरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बाइक के साथ दोनों को गिरफ्तार किया। जब्त शराब और बीयर के स्टॉक में Kingfisher का बीयर और Royal Stag के स्टॉक हैं।




## युवक की आत्महत्या करने के मामले में महिला से पूछताछ करेगी पुलिस, अवैध संबंध




**सवांददाता, रांची**

मानगो नगर निगम (Mango Municipal Corporation) के 24 वर्षीय वाहन चालक धीरज कुमार के आत्महत्या (Suicide) करने के मामले में एक महिला से पुलिस पूछताछ करेगी। दरअसल महिला पर आरोप है कि उसकी ही प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने आत्महत्या की है।बताते चलें धीरज ने सोनारी पंचवटीनगर स्थित कार्यालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसका शव बुधवार सुबह कमरे में दुपट्टा के सहारे फंदे से लटका मिला। शव को Postmortem के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, धीरज की एक साल पहले शादी हुई थी। उसका सोनारी की महिला के साथ अवैध संबंध था। इसको लेकर उसका परिवार के सदस्यों से विवाद होता था। महिला भी धीरज पर दबाव बनाती थी।

## पलामू में बारातियों से भरी बस पलटी, एक दर्जन से अधिक लोग घायल,



पलामू जिले में बारातियों से भरी एक बस पलट गई. इसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं. घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जाती है. दुर्घटना शुक्रवार (26 अप्रैल) को सुबह में हुई.बताया गया है कि पलामू के हैदरनगर के बिलासपुर गांव के नाग बाबा स्थान के पास बाराती बस पलट गई. इस हादसे में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं. उन्हें चोट लगी है. इस सड़क हादसे के बाद सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद व हैदरनगर पीएचसी पहुंचाया गया.

## चौपारण के दैहर ग्राम हथिन्दर में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने ग्रामीणों से किया जनसंपर्क



सवांददाता,चौपारण

**चौपारण**: प्रखंड अंतर्गत पंचायत दैहर के ग्राम हथिन्दर में ग्रामीणों से जनसंपर्क किये माननीय बरही विधायक सह सभापति निवेदन समिति श्री उमाशंकर अकेला।ग्रामीणों ने माला देकर भव्य स्वागत किये।श्री अकेला ने बीते दिनों हुए आशा देवी के पुत्र का सडक़ दुर्घटना में निधन,उनके परिजनों से मिले औऱ हर संभव मदद का सांत्वना दिए।मोके पे मुखिया ब्रह्मदेव भुईंया,प्रतिनिधि नागेंद्र दांगी,कोठरी सिंह,रामकुमार पांडेय,नरेश सिंह,मनोज सिंह,अनुज सिंह,अनिल सिंह,विक्रम प्रजापति, प्रवीण प्रजापति,अर्जुन राणा,मुसन प्रजापति, मुकेश राय,अजय दांगी और अन्य लोग सामिल थे.

## हज़ारीबाग की शिक्षा जैन अजमेरा ने जर्मनी के यूनिवर्सिटी से किया PHD



**हजारीबाग:** St.Xavier's की छात्रा रही शिक्षा जैन अजमेरा जर्मनी के यूनिवर्सिटी से की पीएचडी माइक्रोबायोलॉजी से पीएचडी करने वाली शिक्षा हज़ारीबाग जिले की बड़ा बाजार की रहने वाली है वह सतीश जैन और बबीता जैन अजमेर की पुत्री है. शिक्षा की उपलब्धि पर समाज के लोगों ने उन्हें बधाई दी कहां समाज के लिए गर्व का विषय है. वही कमल जैन विजय लुहारिया ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की... खबरें हजारीबाग के लिए हमारे डेली खबर 99 संवाददाता की रिपोर्ट.

## महुदी मोड़ में रोड एक्सीडेंट में एक महिला की मौत,सड़क जाम




सवांददाता,चौपारण

**चौपारण :** महुदी मोड़ में रोड एक्सीडेंट में एक महिला की मौत हो गयी और सड़क दुर्घटना में मुआवजा को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया. गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी.


## हजारीबाग के डीएवी पब्लिक स्कूल कैनरी हिल में जेईई मेंस के सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली असतो मा सद्गमय

**JEE (Main)**

Joint Entrance Examination

**हजारीबाग।** डीएवी पब्लिक स्कूल कैनरी हिल में जेईई मेन्स की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रभारी प्राचार्या कविता पाण्डेय ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रभारी प्राचार्या ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह सफलता आपके निरंतर अभ्यास और लगन का परिणाम है। सम्मानित होने वाले छात्रों में आदित्य अग्रवाल, सूर्यम सिंह, सपना कुमारी तथा अन्य कई छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर साइंस और मैथ विभाग के सभी शिक्षक भी उपस्थित थे।






# 'मैं 25 साल में आपसे नहीं डरा, अब कोशिश छोड़ दीजिए', पीएम मोदी का कांग्रेस पर बड़ा अटैक




लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पीएम मोदी ने शुक्रवार को बिहार के अररिया जिले में रैली को संबोधित किया है। पीएम मोदी ने रैली में कांग्रेस और राजद पर जमकर निशाना साधा है। पीएम ने ये तक कह दिया है कि विपक्ष का इकोसिस्टम 25 साल से उन्हें डराने की कोशिश कर रहा है लेकिन वह नहीं डरे। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और RJD लोगों का हक छीनने की प्रवृत्ति से बाज नहीं आ रहे हैं। अब कांग्रेस ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण का हक छीनने की बहुत गहरी साजिश रची है।

## भारत में धर्म आधारित आरक्षण नहीं हो सकता- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने रैली में कहा कि देश के संविधान ने साफ-साफ कहा है कि भारत में धर्म आधारित आरक्षण नहीं हो सकता। लेकिन, कांग्रेस पूरे देश में धर्म आधारित आरक्षण के लिए जोर लगा रही है। कांग्रेस चाहती है कि उसका कर्नाटक का आरक्षण मॉडल पूरे देश में लागू हो। पीएम ने कहा कि OBC जातियों का आरक्षण छीनकर, कांग्रेस अपने चहेते वोटबैंक को देना चाहती है। तुष्टिकरण के दलदल में कांग्रेस-RJD जैसी पार्टियां इतना धंस गई हैं कि उनके लिए संविधान भी मायने नहीं रखता।

# मुख्तार अंसारी का जहां था दबदबा, जानिए उस सीट पर वोटिंग किस तारीख को है?



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव आज हो रहा है, इस बार चुनाव आयोग ने 7 चरणों में आम चुनाव करवाने का फैसला लिया है। 2024 का चुनाव कई मायनों में खास है, इस चुनाव में पहली बार ऐसा हो रहा है कि यूपी के कई बाहुबली मैदान से नदारद है, इनमें एक नाम मुख्तार अंसारी का भी है। बता दें कि बीते 28 मार्च 2023 को मुख्तार की मौत हो गई। मुख्तार बांदा जेल में बंद था। आइए जानते की इस सीट पर लोकसभा चुनाव 2024 के लिए वोटिंग कब होगी?

## दो बार लड़ा लोकसभा चुनाव

बता दें कि घोसी संसदीय क्षेत्र मुख्तार अंसारी का गढ़ माना जाता है, हालांकि मुख्तार यहां से कभी सांसद नहीं बन पाया।, पर साल 2014 में उसने घोसी संसदीय क्षेत्र से ताल जरूर ठोकी थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में मुख्तार ने घोसी से कौमी दल एकता के टिकट पर चुनाव लड़ा, हालांकि मोदी लहर के सामने माफिया मुख्तार के सांसद बनने के सपने पर पानी फिर गया। मुख्तार इससे पहले भी 2009 में वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ चुका है, हालांकि इस चुनाव में भी मुरली मनोहर जोशी से 17,000 वोटों के बड़े अंतर से हारा था। इन सभी के बावजूद मुख्तार मऊ विधानसभा से 5 बार विधायक जरूर बना।

# 'वोट देकर जाऊंगी ससुराल'.. विदाई से पहले मतदान को लेकर अड़ी दुल्हन



**सवांददाता, पटना**

बिहार में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच संसदीय क्षेत्र किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार सुबह सात बजे से वोटिंग जारी है। वोटिंग को लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। कटिहार संसदीय क्षेत्र में एक रोचक तस्वीर सामने आई हैं, जहां दुल्हन विदाई से पहले मतदान करने मतदान केंद्र पहुंची। दुल्हन श्वेता चंद्रवंशी कटिहार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विवाह के मंडप से निकलकर सीधे मतदान केन्द्र 223 पर पहुंची और विदाई से पहले अपना वोट डाला।श्वेता ने बताया कि ससुराल नहीं जाने की जिद इस वजह से थी कि मेरा कहना था- पहले मतदान करूंगी फिर ससुराल जाऊंगी। बता दें कि पहले चरण में भी लोकतंत्र की ऐसी कई खूबसूरत तस्वीरें सामने आई थी जहां न्यूली मैरिड कपल अपना वोट डालने पोलिंग स्टेशनों पर पहुंचे थे।

## 50 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला

कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी हैं। मतदान स्थल पर गर्मी को देखते हुए मतदाताओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया है। इस चरण में कुल 50 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा जिनमें 47 पुरुष और तीन महिला प्रत्याशी शामिल हैं। इन उम्मीदवारों में जेडीयू के पांच, बहुजन समाज पार्टी के चार, कांग्रेस के तीन और राष्ट्रीय जनता दल के दो प्रत्याशी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 12-12 प्रत्याशी भागलपुर और किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं जबकि बांका में 10, कटिहार में नौ और पूर्णिया में सात प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिए नेपाल से लगी सीमाओं को सील कर दिया गया है।

# श्रुति हासन-शांतनु हजारिका की राहें जुदा! जानें क्यों हुआ कयासों का बाजार गर्म?




श्रुति हासन अपने काम के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी जबरदस्त सुर्खियां बटोरती हैं। बीते दिन श्रुति और उनके बॉयफ्रेंड शांतनु हजारिका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम से एक-दूजे को अनफॉलो कर दिया, जिसके बाद इनके अलगाव की खबरें इंटरनेट जगत में छा गईं।

श्रुति हासन और शांतनु बीते लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। वहीं, अभिनेत्री ने कुछ हफ्तों से शांतनु के साथ कोई तस्वीर भी शेयर नहीं की, जिसके कारण ब्रेकअप की अफवाहों ने और ज्यादा तूल पकड़ लिया। हालांकि, न तो श्रुति हासन और न ही शांतनु हजारिका ने अपने ब्रेकअप के पीछे के कारण के बारे में खुलकर बात की है।


ALL NEW DOMINO'S. NOW MORE AFFORDABLE.
REVISED GST
18% > 5%
ORDER MORE. CELEBRATE MORE.
SOFT CRUST
TASTIER SAUCE
MORE CHEESE
MORE TOPPINGS
AAPNE KAHA, HUMNE KIYA.
Domino's Pizza



Dollar
Bigboss
PREMIUM INNERWEAR
Fit Hai Boss


ANITA
Sarees
SAREES
LEHENGA
KURTIS
SALWAR SUITS
SUIT PIECES
DULHAN CHUNNI
Rangrej Gali (Dinbandhu Lane),
Upper Bazar, Ranchi-1


MOST TRUSTED BRANDS OF INDIA
2024 - 2025
NO SCARS
NO SCARS
NOURISHMENT OF
NEEM & ALOE VERA
NO SCARS


299
149
399
299
799
499
zudio
SALE
zudio
SALE
zudio
SALE
599
299
799
499
299
149
zudio
SALE
zudio
SALE
zudio
SALE


SALE!
50% OFF
ABHI IT
SERVICES
DIGITAL
MARKETING
EXPERT
न्यूज़ पोर्टल या किसी भी
तरह की वेबसाइट बनाने के
लिए संपर्क करें
TODAY
ONLY
@22,999
CONTACT US
8292706529
abhishekgahlot99999@.com



# मिचेल स्टार्क हुए प्लेइंग 11 से बाहर, 24.75 करोड़ के खिलाड़ी के साथ क्या हुआ?



KKR vs PBKS: आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। इस दौरान केकेआर की टीम को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। केकेआर के स्टार खिलाड़ी मिचेल स्टार्क को इस मैच के लिए प्लेइंग 11 से बाहर होना पड़ा है। आपको बता दें कि मिचेल स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं ऐसे में उनके बाहर होने के केकेआर को नुकसान तो हुआ है। उनकी जगह पंजाब किंग्स के खिलाफ दुष्मंथा चमीरा को खेलने का मौका मिला है।मिचेल स्टार्क इस सीजन आईपीएल में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। मिचेल स्टार्क अपने नाम के अनुसार पूरी तरह से फेल रहे हैं। अब पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से पहले उन्हें बाहर होना पड़ा है। दरअसल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान मिचेल स्टार्क को इंजरी हुई थी। उनके अंगूठे में चोट लगी थी। जिसके कारण उन्हें इस मैच में रेस्ट दिया गया है। मिचेल स्टार्क ने इस सीजन खेले गए 7 मुकाबलों में सिर्फ 6 विकेट लिए हैं। वहीं उनका औसत 47.83 और इकोनॉमी 11.48 का रहा है। स्टार्क की जगह खेल रहे दुष्मंथा चमीरा केकेआर के लिए अपना पहला मैच खेलेंगे।कोलकाता नाइट राइडर्स के अलावा पंजाब किंग्स की टीम ने भी अपनी प्लेइंग 11 में एक बदलाव किया है। पंजाब के कप्तान सैम करन ने इस बात की जानकारी दी है। लियाम लिविंगस्टोन को इस मैच के लिए प्लेइंग 11 से बाहर किया गया है। उनकी जगह इस मैच में जॉनी बेयरस्टो की वापसी हुई है।

# KKR vs PBKS Live: पंजाब किंग्स को मिल तीसरी सफलता, आंद्रे रसल लौटे पवेलियन



*KKR vs PBKS Live Updates:* पंजाब किंग्स का सामना आज आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स से हो रहा है। इस मैच का आयोजन ईडन गार्डेन्स में किया जा रहा है। मैच में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। दोनों टीमों के बीच फैंस को कांटे की टक्कर की उम्मीद है। केकेआर की टीम अंक तालिका में दूसरे और पंजाब किंग्स की टीम 9वें स्थान पर है। इस सीजन दोनों टीमें पहली बार आपस में मैच खेल रही है।

